स्तन कैंसर

रेडियोथैरेपी

मोनिका (बदला हुआ नाम) एक 45 वर्षीय महीला है जिसने अपने बाएँ स्तन के कैंसर के लिए स्तन संरक्षण सर्जरी कराई है। कीमोथेरेपी के अपने कोर्स को पूरे किए जाने के बाद, उसे उसके विशेषज्ञ द्वारा स्तन की रेडियोथेरेपी कराने की सलाह दी गई है।

रेडियोथेरेपी क्या है?

स्थन कैंसर का उपचार करने वाले तरीकों में से रेडियोथेरेपी एक तरीका है। सर्जरी के बाद स्तन क्षेत्र के आसपास बची कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने के लिए यह कम मात्रा में उच्च ऊर्जा वाली एक्स-रे (विकिरण) भेजकर कैंसर का इलाज करती हैं।

रेडियोथेरेपी क्यों दी जाती है?

किसी भी प्रकार की स्तन संरक्षण सर्जरी के बाद रेडियोथेरेपी की सलाह दी जाती है ताकि उसी स्तन में फिर से कैंसर होने के जोखिम को कम किया जा सके। मैस्टेक्टॉमी के बाद और बगल से यदि कुछ लसीका ग्रंथियाँ निकाली गई हैं और वे प्रभावित हैं, तो छाती के हिस्से पर भी रेडियोथेरेपी दी जा सकती है। कांख से यदि लसीका ग्रंथियों को निकाल दिया गया है, तो आमतौर पर बगल में रेडियोथेरेपी नहीं दी जाती है, लेकिन कभी-कभी कॉलर बोन के ऊपर स्थित लसीका ग्रंथियों पर रेडियोथेरेपी दी जाती है।

रेडियोथेरेपी कब दी जाती है?

यह सलाह दी जाती है कि आदर्श रूप से रेडियोथेरेपी का उपचार सर्जरी या कीमोथेरेपी के चार सप्ताह के भीतर शुरू किया जाना चाहिए। उपचार की योजनाएँ भिन्न हो सकती हैं, लेकिन आमतौर पर मरीज को तीन से छः सप्ताह तक प्रति दिन, सप्ताह में पाँच दिन अस्पताल जाना होगा।

रेडियोथेरेपी द्वारा इलाज कराने के दौरान क्या होता है?

रेडियोथेरेपी प्रारंभ करने से पहले, रेडियोथेरेपी विशेषज्ञ को रेडियोथेरेपी देने के औचित्य के संदर्भ में रोगी को समझाना चहिए। वास्तविक उपचार करने से पहले एक योजना सत्र किया जाना चाहिए जिसमें रोगी को सिम्यूलेटर यूनिट में जिस दौरान माप और एक्स-रे ले सकते हैं उस समय समय व्यतित करवाना होता है।

रेडियोथेरेपी के लघु अवधि दुष्प्रभाव क्या हैं?

सभी लोग अलग-अलग होते हैं, लेकिन रेडियोथेरेपी का सामान्य दुष्प्रभाव त्वचा प्रभावित होना है - त्वचा का लाल या काला पड़ना, खुजली, दर्द, पीड़ा। थकान एक अन्य लक्षण है जिसे उपचार की अवधि के अंत में रोगियों द्वारा सामान्यतः अनुभव किया जाता है। थकान महसूस होना आम है और यह संभवतः कुछ माह तक चल सकती है।

रेडियोथेरेपी के दीर्घ अवधि दुष्प्रभाव क्या हैं?

दीर्घ अवधि में कुछ महीलाएँ जिन्होंने अपनी कांख की रेडियोथेरेपी कराई है उन्में संभवतः लिम्फोडेमा (बाँहों की सूजन) विकसित हो सकती है। कुछ वर्षों बाद निकटतम ऊतकों, नसों या हड्डियों पर विकिरण के प्रभाव से अन्य सम्स्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं, हालांकि आधुनिक उपचार द्वारा, इसकी संभावना बहुत कम होती है।